सीसीटीएनएस/ अति महत्वपूर्ण।

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश,

01, तिलक मार्ग–लखनऊ।

पत्रांक:टीएस–सीसीटीएनएस–98/2018(III) दिनांक:मई 24 2019

सेवा में,

पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस उपमहानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
जनपदीय नोडल अधिकारी सीसीटीएनएस, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
समस्त जोन/ परिक्षेत्र/ जनपद कोऑर्डिनेटर, उत्तर प्रदेश।

विषयः– **सीसीटीएनएस योजना में Beat Policing App के माध्यम से प्रदेश में अपराधों की रोकथाम एवं अनावरण के दृष्टिकोण से संबंधित सूचनायें दर्ज किये जाने हेतु अद्योहस्ताक्षरी के स्तर से निर्गत पत्र दिनांकितः 24–12–2018 के माध्यम से प्रेषित एस0ओ0पी0 के अनुसार कार्यवाही किये जाने तथा पुनः प्रेषित की जा रही एस0ओ0पी0 के अनुरूप कार्यवाही किये जाने के संबंध में।**

सीसीटीएनएस योजना में Beat Policing App के संबंध में उपरोक्त पत्र दिनांकः 24–12–2018 के माध्यम से एप्प को प्रयोग किये जाने के संबंध में एस0ओ0पी0 प्रेषित की गयी है। तकनीकी सेवायें, मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांकितः 13–05–2019 के द्वारा उपरोक्त पत्र की प्रति कतिपय जनपदों को प्रेषित करते हुए निर्देशित किया गया है कि जनपद अपने अधीनस्थ समस्त पुलिस अधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षों, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी गण को बीट पुलिसिंग एप्प को अपने–अपने मोबाइल फोन में शत–प्रतिशत डाउनलोड करायें। एप्प का लिंक (https://ncog.gov.in/UP1.5.apk) सभी जनपदीय कोऑर्डिनेटर को उपलब्ध करा दिया गया है।

2– उपरोक्त एप्प के संबंध में तैयार कराई गयी एस0ओ0पी0 पुनः संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि प्रश्नगत एप्प के संबंध में जनपद अपने अधीनस्थ समस्त पुलिस अधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षों, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी गण को बीट पुलिसिंग एप्प को अपने–अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड कराने के साथ–साथ उसके प्रयोग के संबंध में कठोर निर्देश निर्गत करते हुए अनुपालन करायें।

क्रमशः2/ पर।

3— उल्लेखनीय है कि Beat Policing Monitoring हेतु वेब पोर्टल एवं Beat Policing App उत्तर प्रदेश पुलिस वेब साइट के सीसीटीएनएस मेन्यू के अन्तर्गत Beat Policing Monitoring नाम से सब मेन्यू में प्रदर्शित है।

**https://uppolice.gov.in ⟹ CCTNS ⟹ Beat Policing Monitoring लिंक पर जाकर Beat Policing App को डाउनलोड किया जा सकता है।**

4— उपर्युक्त के दृष्टिगत डाटा फीड करने में यदि किसी प्रकार की कठिनाई हो तो संबंधित एप्लीकेशन टीम में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड—ए श्री मयंक लोधी, मो0नं0—9889989843 से समन्वय स्थापित कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है। उपरोक्त प्रकरण को गंभीरता से लें और एप्प में डाटा की प्रविष्टि किये जाने हेतु सर्व संबंधित को निर्देशित कर अनुपालन करायें।

<u>संलग्नकः यथोपरि।</u>

24.5.19

**( ओ0पी0सिंह )**
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, समस्त जोन, उत्तर प्रदेश।
4. अपर पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश को अभिलेखार्थ प्रेषित।
5. अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
6. प्रभारी ई—मेल तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि ई—मेल के माध्यम से प्रेषित कर वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें तथा क्यू—मेल के माध्यम से भी सर्व संबंधित को प्रेषित करें।

# बीट पुलिसिंग एप्प

- बीट पुलिसिंग अपराधों के रोकथाम एवं अनावरण के लिए मूलभूत व्यवस्था है। वर्तमान में तकनीक, मोबाइल एवं सोशल मीडिया के प्रसार के कारण मोबाइल एप्प के द्वारा बीट पुलिसिंग को और अधिक सरल, महत्वपूर्ण एवं प्रभावी बनाये जाने के उद्देश्य से बीट पुलिसिंग एप्प का निर्माण किया गया है ।
- बीट के सभी संबंधित कार्यों एवं दायित्वों को बीट पुलिसिंग एप्प में समाहित किया गया है जैसे बैंक, एटीएम, पेट्रोल पम्प आदि की चेकिंग, बाजार, मेले, अपराध के दृष्टिकोण से संभावित व प्रभावित क्षेत्रों में गश्त, सभी तरह के अपराधों में घटनास्थल पर जाकर उसकी सूचना देना आदि।
- इस बीट पुलिसिंग एप्प में सभी पुलिसकर्मी अपने मोबाइल नंबर से जो उनके पुलिस नामिनल रोल में अंकित है,OTP (One Time Password) के माध्यम से प्रवेश कर सकते हैं |
- इस एप्प के द्वारा अपराध की सूचना व संदेश थानास्तर से वरिष्ठ अधिकारियों को SMS के द्वारा स्वतः चला जायेगा | साथ ही वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा सूचना एवं संदेश सीधे अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को भेजी जा सकती है।
- इसके अतिरिक्त लूट, डकैती, नकबजनी, वाहन चोरी आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों व हिस्ट्रीशीटर की जियोटैगिंग की जा सकती है | इस एप्प के माध्यम से उनकी निगरानी की जा सकती है | उक्त अपराधियों की जियोटैगिंग होने पर CCTNS में उपलब्ध उनका आपराधिक इतिहास भी स्वतः प्रदर्शित हो जायेगा।
- इस एप्प के माध्यम से भरे गये विवरण को https://uttarpradesh.ncog.gov.in/GIS/login पर लॉग इन कर **“Report → Beat Policing”** द्वारा देखा जा सकता है | ( यूजर ID एव पासवर्ड SMS/E-mail द्वारा पृथक से उपलब्ध करा दिया जायेगा)
- बीट पुलिसिंग एप्प को डाउनलोड करने हेतु सर्वप्रथम किसी वेब ब्राउज़र में https://ncog.gov.in/UP1.5.apk वेब Address अंकित कर Enter बटन दबाएँ | Apk फाइल प्राप्त होगी जिसे मोबाइल में इंस्टाल कर लें |

- एप्प इंस्टाल होने पर “beat_police” नामक आइकॉन, मोबाइल में प्रदर्शित होने लगेगा जिस पर क्लिक कर मोबाइल एप्प शुरू किया जा सकता है |उल्लेखनीय है कि उक्त एप्प चलाने हेतु मोबाइल में इन्टरनेट एवं लोकेशन On होना चाहिए |
- मोबाइल एप्प, शुरू होने पर, यूजर से मोबाइल नंबर मांगता है | “Get OTP” बटन दबाने पर **<u>पुलिस नामिनल रोल में मोबाइल नंबर खोजता है | मोबाइल नंबर पुलिस नामिनल रोल में मौजूद होने पर OTP जायेगा</u>** जिसे भरकर, “Submit” बटन दबा कर, यूजर एप्प में आगे बढ़ सकेगा |



- बीट पुलिसिंग एप्प के मुख्य स्क्रीन पर 05 हरे बटन दिखाई देते हैं:




1. रिपोर्ट, जिसके माध्यम से बीट में हो रही किसी विशेष घटना को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया जा सकता है
2. रिपोर्ट ड्यूटी, जिसके माध्यम से बीट में निर्वहन किये जा रहे दायित्व से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा सकता है |
3. जियोटैगिंग, जिसके माध्यम से बीट में उपस्थित हिस्ट्रीशीटर, ATM, अस्पताल, VVIP,पेट्रोल पम्प आदि महत्वपूर्ण स्थानों की जियोटैगिंग की जा सकती है |
4. मेसेज, जिसके माध्यम से कोई सन्देश उच्च अधिकारियों तक प्रेषित किया जा सकता है |
5. मैसेज रिपोर्ट पर क्लिक करने से बीट से सम्बन्धित मैसेज की रिपोर्ट प्राप्त की जा सकती है ।


# 1. रिपोर्ट

- यहाँ बीट से जुडी कोई घटना या सूचना, सम्बंधित फोटो/दस्तावेज एवं Remark (टिप्पणी), उस बीट से सम्बंधित थाने के SHO, क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तक, “Submit” बटन दबा कर भेजी जा सकती है |
- यदि घटना या सूचना, जघन्य श्रेणी की हो तो “जघन्य” चेक बॉक्स को चुन लें जिससे वह घटना या सूचना, उस बीट से सम्बंधित थाने के SHO, क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ ही परिक्षेत्र, जोन एवं पुलिस महानिदेशक महोदय के कार्यालय तक भेजी जा सकती है |



## 2. ड्यूटी रिपोर्ट

➢ यहाँ बीट में सम्पादित किये जा रहे कार्य की सूचना, सम्बंधित फोटो/दस्तावेज एवं Remark (टिप्पणी), उस बीट से सम्बंधित थाने के SHO, क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तक, “Submit” बटन दबा कर भेजी जा सकती है |




## 3. जियोटैगिंग

- यहाँ बीट में उपस्थित, कानून एवं व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों (बैंक/ATM, अस्पताल,संवेदनशील/विवादित स्थान इत्यादि) एवं व्यक्तियों (हिस्ट्रीशीटर, अन्य शातिर अपराधी, VVIP इत्यादि) के निवास स्थान/कार्यस्थल पर जियोटैगिंग की जा सकती है |
- साथ ही सम्बंधित फोटो/दस्तावेज एवं Remark (टिप्पणी) भी उक्त के साथ जोड़ा जा सकता है जिससे बीट में प्रवेश करते ही वे मैप पर, **CCTNS में भरे गए उनके विवरण सहित**, प्रदर्शित होने लगें |




## 4. मैसेज

- यहाँ बीट से जुडी सूचना, सम्बंधित थाने के SHO, क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तक, “Submit” बटन दबा कर भेजी जा सकती है |
- यदि घटना या सूचना, जघन्य श्रेणी की हो तो “जघन्य” चेक बॉक्स को चुन लें जिससे वह घटना या सूचना, उस बीट से सम्बंधित थाने के SHO, क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ ही परिक्षेत्र, जोन एवं पुलिस महानिदेशक महोदय के कार्यालय तक भेजी जा सकती है |
- <u>वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा भी सम्बंधित थाना स्तर तक कोई भी संदेश भेजा जा सकता है|</u>



## 5. मेसेज रिपोर्ट

➢ मैसेज रिपोर्ट पर क्लिक करने से बीट से सम्बन्धित मैसेज की रिपोर्ट प्राप्त की जा सकती है ।




**--धन्यवाद--**

- बीट पुलिसिंग अपराधों के रोकथाम एवं अनावरण के लिए मूलभूत व्यवस्था है। वर्तमान में तकनीक, मोबाइल एवं सोशल मीडिया के प्रसार के कारण बीट पुलिसिंग को और अधिक सरल, महत्वपूर्ण एवं प्रभावी बनाया जा सकता है।
- बीट के सभी संबंधित कार्यों एवं दायित्वों को बीट पुलिसिंग एप्प में समाहित किया गया है जैसे बैंक, एटीएम, पेट्रोल पम्प आदि की चेकिंग, बाजार, मेले, अपराध के दृष्टिकोण से संभावित व प्रभावित क्षेत्रों में गश्त, सभी तरह के अपराधों में घटनास्थल पर जाकर उसकी सूचना देना आदि।
- बीट पुलिस कर्मी द्वारा सूचना इस एप्प के माध्यम से संबंधित थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी, पुलिस अधीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तक तत्काल पहुँचेगी एवं **जघन्य टिक करने पर रेंज, जोन व मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 तक तत्काल फोटो सहित चली जायेगी।**
- साथ ही इसमें घटना स्थल का लोकेशन गूगल-मैप पर SMS के द्वारा चला जायेगा जिससे कोई भी अधिकारी गूगल-मैप पर घटना-स्थल देख सकता है और वहां अपने आप पहुँच सकता है।
- साथ ही गूगल-मैप पर अपराधियों के भागने का रास्ता, साम्प्रदायिक मामलों में आस-पास के गाँव/मोहल्ले और वहाँ पुलिस-बल भेजने, नाकाबन्दी करने आदि को देखकर प्रभावी निर्णय ले सकता है।
- इस बीट पुलिस एप्प में सभी पुलिसकर्मी अपने मोबाइल नंबर से जो उनके पुलिस नामिनल रोल में अंकित है,OTP (One Time Password) के  माध्यम से प्रवेश कर सकते हैं |

- कर्मियों की थाना का नाम, बीट व उनका मोबाइल नम्बर उनके पुलिस नामिनल रोल में फीड किये गये, पुलिस कर्मियों के स्थानान्तरित होने पर नामिनल रोल में तत्काल अद्यावधिक करायें एवं भविष्य में भी इसका सतत् अनुश्रवण करते रहें।
- इस एप्प के द्वारा अपराध की सूचना व संदेश थानास्तर से वरिष्ठ अधिकारियों को SMS के द्वारा स्वतः चला जायेगा एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा थाना स्तर तक कोई भी संदेश, सूचना व परिपत्र भी एक साथ भेजा जा सकता है।
- इसके अतिरिक्त लूट, डकैती, नकबजनी, वाहन चोरी आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों व हिस्ट्रीशीटर की जियोटैगिंग की जा सकती है | इस एप्प के माध्यम से उनकी निगरानी की जा सकती है | उक्त अपराधियों की जियोटैगिंग होने पर CCTNS में उपलब्ध उनका आपराधिक इतिहास भी स्वतः प्रदर्शित हो जायेगा |
- विगत वर्षों में हुई लूट, डकैती, नकबजनी, वाहन चोरी आदि जघन्य अपराधों के अक्षांश/देशान्तर (Lattitude/Longitude) जो सीसीटीएनएस में लिये गये हैं, उक्त बीट में क्राइम-मैंपिंग में प्रदर्शित होगा जिससे पुलिस कर्मी जघन्य अपराधों से प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों के बारे में भिज्ञ हो सकेंगे।
- उक्त बीट पुलिसिंग एप्प को सभी जनपद के सभी पुलिस कर्मी अपने-अपने मोबाइल में डाउनलोड कर अगले 7 दिनों तक इसका ट्रायल कर प्रशिक्षित हो जायें एवं इसे और अधिक संवर्धित करने के लिए सुझाव भेजें।